Modernisation of BSF

2516. SHRI SURESH PACHOURI: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether Government are considering to further modernise the organisational and operational structure of the Border Security Force and whether any scheme have been prepared in this regard; and

(b) if so, what are the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PERSONNEL, PUBLIC GRIEVANCES AND PENSIONS AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI P. CHIDAMBARAM): (a) Yes, Sir.

(b) Under the 5 year expansion programme, the strength and infrastructure of BSF are being improved. Further, additional manpower and various aids and modern equipments have also been sanctioned for the BSF.

दिल्ली नगर निगम के मलेरिया उन्मूलन विभाग में कार्यरत अधिकारी

2517. **श्री सुनील कुमार पट्टनायक :** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को यह जानकारी है कि दिल्ली नगर निगम के मलेरिया उन्मूलन विभाग के निगरानी और सतर्कता अधिकारी पिछले 20 वर्षों से नियमित रूप से कार्य कर रहे हैं और मलेरिया निरीक्षकों के रूप में प्रोन्नत नहीं किए गये है यद्यपि ऐसे पद पिछले पांच वर्षों से रिक्त पड़े हैं ;

(ख) यदि उपर्युक्त भाग (क) का उत्तर "हां" है तो उसके क्या कारण हैं और क्या उन्हें चालू वर्ष 1988-89 के दौरान मलेरिया निरीक्षक के रूप में प्रोन्नत किये जाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है , और

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है, और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण है ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संतोष मोहन देव) : (क) से (ग) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

स्वतंत्रता सेनानी पेंशन हेतु उत्तर प्रदेश से प्राप्त आवेदन

2518. **श्री ईश दत्त यादव** : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि स्वतन्त्रता सेनानी पेंशन हेतु उत्तर प्रदेश के बहुत से स्वतन्त्रता सेनानियों के अनेक आवेदन केन्द्रीय सरकार के पास स्वीकृति के लिए अब भी लम्बित हैं;

(ख) यदि हां, तो उनकी जिला-वार संख्या कितनी है और इन मामलों को स्वीकृत किये जाने में विलम्ब के क्या कारण है ; और

(ग) उत्तर प्रदेश के ऐसे स्वतंत्रता सेनानियों की संख्या कितनी है जिनके पेंशन के भुगतान के मामले पहले ही स्वीकृत किये जा चुके हैं और जिन्हें स्वतंत्रता सेनानी पेंशन का भुगतान किया जा रहा है तथा जनवरी, 1985 से लेकर अब तक ऐसे आवेदनों की संख्या कितनी है जो अस्वीकृत कर दिए गए हैं ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संतोष मोहन देव) : (क) से (ग) जुलाई-अगस्त, 1986 के दौरान चलाए गए विशेष अभियान के परिणामस्वरूप उत्तर प्रदेश से पेंशन की मंजूरी के लिए प्राप्त सभी आवेदनपत्रों का निपटान कर दिया गया था । तथापि, व्यक्तियों/राज्य सरकारों के अनुरोध पर मामलों की पुनरीक्षा की जा सकती है । उत्तर प्रदेश राज्य सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार केन्द्रीय पेंशन देने के लिए 65 मामले लम्बित पड़े हैं ये रिपोर्टें हाल ही में प्राप्त हुई हैं और इनका जल्दी ही निपटान कर